मुरदई व हिड़की में दिखा तेंदुआ

गोटेगांव, देशबन्धु। गोटेगांव के समीपवर्ती ग्राम हिडकी में एक वन्य जीव तेंदुआ देखा गया जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया ।

मामला 19 नवंबर सोमवार की दोपहर 2:00 से 4:00 बजे के बीच में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिससे क्षेत्र में तहलका मच गया। सोशल मीडिया पर जो फोटो और वीडियो में वन्य जीव के वायरल हो रहे हैं उसमें हिसाब देखा जा सकता है कि यह वन्य जीव तेंदुआ ही है ।

दूसरा तेंदुआ से संबंध वायरल वीडियो ग्राम मुरदई के पास का बताया जा रहा है जिसमें टमाटर के एक खेत में तेंदुआ के पग चिह्न देखे गए हैं वही मौके पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों ने क्षेत्र में तेंदुआ और उसके पगचिह्न होने की पुष्टि की है।

तेंदुआ की मूवमेंट से नागरिकों में भय का वातावरण -वहीं क्षेत्र में लगातार तेंदुए की मूवमेंट होने के बावजूद वन विभाग परिक्षेत्र गोटेगांव में कोई जिम्मेदारी अधिकारी उपस्थित नहीं है।जोकि क्षेत्र की जनता एवं नागरिकों को तेंदुआ से संबंधित स्पष्ट जानकारी दे सके।

वही जब हमारे देशबन्धु संवाददाता ने गोटेगांव परिक्षेत्र कार्यालय जाकर जिम्मेदार अधिकारियों से जानकारी लेनी चाहिए तो वहां कोई जिम्मेदारी

सोशल मीडिया पर वीडिया वायरल, दहशत में लोग

अधिकारी उपलब्ध नहीं था वहीं उपस्थित एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि साहब तो प्रभार पर है और वह नरसिंहपुर में रहते हैं यहां नहीं आते।अधिकारी ने ऑफ द रिकॉर्ड बताया कि क्षेत्र में तेंदुआ की मौजूदगी बनी हुई है और हम लोगों ने स्वयं ग्राम मुरदई पहुंचकर तेंदुआ के पग चिह्न देखे हैं।इस संबंध में जब हमारे संवाददाता ने अधिकारी से फोन लगाकर जानकारी लेनी चाही तो जवाबदार अधिकारी ने फोन रिसीव नहीं किया जिसके चलते यह टाइगर का चर्चा का विषय बना हुआ है।

रजिस्ट्री कार्यालय में अव्यवस्था, प्रभारी अधिकारी की गैरहाजिरी से जनता परेशान

गोटेगांव, देशबन्धु। गोटेगांव रजिस्ट्री कार्यालय में रजिस्टर प्रभारी अधिकारी की अनुपस्थिति ने आम नागरिकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। लोगों का कहना है कि अधिकारी का कार्यालय में नियमित रूप से उपस्थित न रहना, उनके कार्यों में बाधा बन रहा है।

गोटेगांव के रजिस्ट्री कार्यालय में प्रभारी अधिकारी की अनियमित उपस्थिति ने जनता को मुश्किल में डाल दिया हैं नागरिकों का कहना है कि अधिकारी केवल हफ्ते में एक या दो दिन ही ड्यूटी पर आते हैं। उनकी इस गैरहाजिरी के कारण लोगों को अपने जरूरी दस्तावेजों और रजिस्ट्रियों के लिए बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

नागरिकों का आरोप है कि अधिकारी के प्रभारी पद पर होने की वजह से उनके पास कई अन्य जिम्मेदारियां हैं, और गोटेगांव कार्यालय को वह प्राथमिकता नहीं दे पा रहे हैं।

अधिकारी की गैरमौजूदगी के कारण रजिस्ट्री और अन्य कानूनी कार्य समय पर नहीं हो पा रहे, जिससे न केवल आम नागरिकों को परेशानी हो रही है, बल्कि व्यापारिक और प्रॉपर्टी ट्रांजेक्शन भी प्रभावित हो रहे ।

गोटेगांव रजिस्ट्री कार्यालय में प्रभारी अधिकारी की इस अनियमितता ने सरकारी सेवाओं की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब यह देखना होगा कि प्रशासन इस समस्या का समाधान कब तक करता है। जनता को उम्मीद है कि जल्द ही इस मुद्दे पर कार्रवाई होगी, ताकि उनका समय और श्रम दोनों बच सके।

जिम्नास्टिक में जिले को मिले नौ स्वर्ण पदक

कलेक्टर ने किया खिलाड़ियों का सम्मान

सिवनी, देशबन्धु । लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र.भोपाल के निर्देशन में 68वीं राज्य स्तरीय शालेय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता दिनांक 05 से 09 नवम्बर 2024 तक जिला-उज्जैन में आयोजित हुई। जिसमें सिवनी जिला स्कूल शिक्षा विभाग से कुल 28 छात्र/छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें से 09 प्रतिभावान छात्र/छात्राओं को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ।

उदय पब्लिक स्कूल से अशिर नागदेवे, आर्यन सनोड़िया, सेंट फ्रांसिस स्कूल से अस्तित्व साहू, परी साहू कन्या मठ स्कूल सिवनी से रिमझिम सोनी, नम्रता यादव, उत्कृष्ट विद्यालय से आदि वैश्य, नेताजी सुभाष से देवेश विश्वकर्मा एवं माडर्न हायर सेकेण्डरी अनेक पंचेश्वर को गोल्ड मेडल प्राप्त हुए। इन प्रतिभावान छात्र/छात्राओं को कलेक्टर संस्कृति जैन ने शील्ड देकर प्रोत्साहित किया एवं समस्त खेल प्रतिभागियों को उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाऐं प्रेषित की।

सार-समाचार

महारानी लक्ष्मी बाई की जयंती पर किया नमन

गोटेगांव, देशबन्धु। नगर की शैक्षणिक संस्था सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय गोटेगांव में स्वतंत्रता संग्राम की क्रांति की जनक 1857 की प्रतिमूर्ति झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जन्म जयंती पर विगत दिवस संस्था में अध्ययनरत भैया बहनों के साथ सहभागी रहकर दीप प्रज्ज्वलन कर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य नर्मदा गुप्ता ने दीप प्रज्जवलन किय। मातृशक्ति अंजना दीक्षित वंदना पटेल ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन पर प्रकाश डाला भैया बहनों ने रानी लक्ष्मीबाई के कविता का वाचन किया कार्यक्रम में किशोर शुक्ला, संजय जैन, पूजा यादव, मोनिका गौतम, ज्योति दुबे, कल्पना चौरसिया, शिवानी मेहरा, तुलसा नामदेव आदि की उपस्थिति थी।

गांव को नशे से बर्बाद होने से बचाने महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक को दिया ज्ञापन

गोटेगांव, देशबन्धु। गोटेगांव थाना क्षेत्र के झोतेश्वर परमहंसी चौकी अंतर्गत आने वाला ग्राम पंचायत गौरतला के ग्राम रातामाटी की महिलाएं शराब की शिकायत को लेकर नरसिंहपुर पुलिस अधीक्षक के यहां पर आवेदन देने पहुंची ।

महिलाओं ने शराब के खिलाफ उठाई आवाज, महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक से मदद की गुहार लगाते हुए कहा हमारे गांव को नशे से बर्बाद होने से बचाइए,हम सभी बहुत अधिक प्रताड़ित है,शराब पीकर असामाजिक तत्व हमारे ग्राम में उत्पाद मचाते हैं, जिससे गांव का माहौल खराब होता है, वहीं गांव की महिलाओं ने बताया शराब माफिया खुलेआम कहता है मेरी ऊपर से नीचे तक पकड़ है मेरी शराब बिकना कोई भी बंद नहीं करा सकता जिससे चाहो उससे शिकायत कर लो, लेकिन मेरी शराब बिकना बंद नहीं होगी।

कराटे टूर्नामेंट इंदौर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र सम्मानित

रामाकोना, देशबन्धु। ग्राम के वार्ड क्रमांक 17 स्थित स्वर्गीय रामभाऊ खंडाईत शिक्षण समिति रामाकोना द्वारा संचालित गुरुकुल विद्या निकेतन हाईस्कूल रामाकोना के छात्र लोकेश कापसे एवं अध्यन चौधरी ने 68 वीं एसजीएफआई स्टेट लेवल कराटे टूर्नामेंट इंदौर में आयोजित हुआ था जिसमें चैंपियन खिलाड़ी लोकेश कापसे को अंडर - 19 वर्ष बालक (-45 किग्रा) में कांस्य पदक एवं चैंपियन खिलाड़ी अध्ययन चौधरी अंडर 19 वर्ष बालक (-40 किग्रा) वर्ग में चतुर्थ स्थान प्राप्त होने पर मंगलवार को शाला परिसर में संस्था के संचालक सदाशिव खण्डाईत एवं प्राचार्या लक्ष्मी खंडाईत एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्रों को सम्मानित कर शुभकामनायें दी

गुरुकुल विद्या निकेतन में अशासकीय शाला संघ द्वारा टूर्नामेंट का शुभारंभ आज

रामाकोना, देशबन्धु। अशासकीय शाला संघ सौसर के तत्वाधान में क्षेत्र की समस्त निजी शिक्षण संस्थाओं के मध्य इंटर स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन होना है । जिसका शुभारंभ बुधवार को ग्राम की गुरुकुल विद्या निकेतन स्कूल रामाकोना में होंगा । प्राप्त जानकारी के अनुसार शुभारंभ अवसर पर अंडर 14, अंडर 17 कबड्डी प्रतियोगिता बालक एवं बालिकाओं का आयोजन होगा।

जिलास्तरीय रोजगार मेला आज

सिवनी, देशबन्धु । कलेक्टर संस्कृति जैन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय सिवनी, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र एवं शासकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार में संलग्न किये जाने के उद्देश्य से शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 20 नवम्बर 2024 को प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया ।

जीवन का लक्ष्य तय करें, फिर आगे बढ़ें : गुर्वे

स्व. सिरपुरकर व ढोक की स्मृति में पुरस्कृत हुए विद्यार्थी

सौंसर, देशबन्धु। नगर के उत्कृष्ट, सीएम राइज विद्यालय में शनिवार को पुरस्कार वितरण एवं मोटिवेशन कार्यक्रम हुआ। तर्कशील विचार समिति के आयोजन में श्रीकांत सिरपुरकर एवं डॉ वासुदेव बलवंत ढोक स्मृति में बोर्ड परिक्षा के विद्यार्थी पुरस्कृत हुए। भविष्य के लिए वर्तमान में तैयारी विषय पर कक्षा 10 से 12 तक के छात्रों को मोटिवेट किया गया।

मोटिवेशनल में रेशनालिस्ट पीकेएस गुर्वे ने कहा कि विद्यार्थी जीवन के लक्ष्य को तय करे फिर भविष्य गढ़ने का अपना सफर तय करे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य शैलजा बत्रा ने की। मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी भास्कर गावंडे, विशेष अतिथ मोटिवेर माधुकर गांवडे, सामाजिक कार्यकर्ता रत्नमाला पीसे थी। मोटिवेशन में वर्तमान की

तैयारी पर सामाजिक कार्यों में रुचि रखने वाले सामाजिक कार्यकर्ता पी के एस गुर्वे ने भविष्य के विषय, जीवन का उद्देश, भाषा का महत्व, व्यक्तित्व का निर्माण, निर्णय लेने की क्षमता का विकास कैसे करे बताया। वही प्राचार्य शैलजा बत्रा ने भविष्य में रोजगार के अवसर व चयन, वर्तमान में रोजगार की स्थिति और इस के लिए कैसे मार्गदर्शन प्राप्त करे बताया।

कार्यक्रम का मंच संचालन अमोले रंगारे ने किया। उप प्राचार्य संजय गवनेकर, तर्कशील संस्था से योगेश गौतम, एकनाथ गुर्वे, दिनकर पातुरकर, गणेश ढोक, अंकित धामनकर व स्कूल स्टॉफ उपस्थित था।

यह हुए पुरस्कृत - कक्षा 12 वी में उत्कष्ट विद्यालय से दिव्यांशु भोयर को श्रीकांत सिरपुरकर स्मृति पुरस्कार, दिव्य इवनाती जीवन विज्ञान विषय में, सुलोचना धुर्वे को भुगोल विषय, कक्षा 10 वी में कन्या स्कूल से उन्नति बांगडे ने बोर्ड परीक्षा व प्रतिमा कुमरे को संस्कृत विषय में वासुदेव बलवंत ढोक स्मृति पुरस्कार ओर रामशिला शंकर सुर्यवंशी को इंस्पायर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि बीते 14 वर्ष से यह पुरस्कार निरंतर दिए जा रहे है।

धूमधाम से मनाया गया पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का जन्मदिवस

जुन्नारदेव, देशबन्धु । गत दिवस जुन्नारदेव के विधायक/ ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी का जन्मदिवस बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर विधायक सुनील उईके की प्रमुख उपस्थिति में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए।

समारोह की शुरुआत कमलनाथ जी के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की प्रार्थना से की गई। इसके बाद फटाकों और बाजे-गाजे के साथ हर्षोल्लास में केक काटा गया। इस विशेष अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं और उपस्थित जनों के बीच मिष्ठान्न का वितरण भी किया गया, जिससे सभी में एक खास उत्साह और उमंग देखने को मिली। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस

कार्यकर्ताओं ने अपने नेता कमलनाथ जी के प्रति अपनी श्रद्धा और समर्थन व्यक्त किया। सभी ने मिलकर एकजुटता और संगठन की मजबूती के लिए संकल्प लिया, जिससे भविष्य में कांग्रेस पार्टी को और सशक्त बनाया जा सके। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पूर्व मुख्यमंत्री के प्रति अपने स्नेह और समर्थन को प्रकट करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

केक काटा, शुभकामनाएं दीं

अमरवाड़ा, देशबन्धु। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी के जन्म दिवस पर तहसील प्रेस क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष व इंका नेता जनाब सलीम खान (पत्रकार) ने अपने साथियों सहित कमलनाथ जी के छिंदवाड़ा निवास जा कर केक काटा एवं शुभकामनाएं दी ।

राज्यस्तरीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग में युवा ने किया शहर का नाम रोशन

गोटेगांव, देशबन्धु। स्थानीय नगर के होनहार युवा प्रतिभाशाली ने जबलपुर के पीएसएम कॉलेज में आयोजित मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग ओर इंकलाइन बैंकप्रेस चैम्पियनशिप में गोटेगांव निवासी निर्मल कुमार दोहैया पिता अनोद कुमार ने बैंच प्रेस लिफ्टिंग में 1से प्लेस और स्ट्रेन्थ लिफ्टिंग में 3 प्लेस लाए, वहीं मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ,इस उपलब्धि से उन्होंने शहर का नाम रोशन किया है,उनके परिवारजनों एवं मित्रों ने उनको शुभकामनाएं दी।

विश्व शौचालय दिवस पर स्वच्छता का सम्मान

सौंसर, देशबन्धु । ग्राम पंचायत रामपेट विकासखंड सौसर जिला ,छिंदवाड़ा में स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान का प्रारंभ विकासखंड समन्वयक संजय सूर्यवंशी द्वारा किया गया जिसमें जिनके शौचालय साफ स्वच्छ तथा उत्कृष्ट है उन्हें फूल माला पहनकर सम्मानित किया गया एवं ग्रामीणों को प्रतिदिन शौचालय का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया ।

शैलेंद्र बागडे द्वारा चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों में शौचालय के उपयोग हेतु जन जागरूकता लाने के लिए ग्राम वासियों को शुभ संदेश प्रेषित किया

परामर्शदाता दिनेश सोमकुंवर द्वारा ग्राम वासियों को शौचालय का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए जन संवाद के माध्यम से ग्रामवासी तथा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को संबोधित किया कि खुले में शौच करने से विभिन्न प्रकार की बीमारियों का प्रकोप बढ़ सकता है जो हमारे जीवन के लिए विनाश का कारण साबित होगा इसलिए हमें अपने परिवार वालों को अड़ोस, पड़ोस को शौचालय का उपयोग करने साफ स्वच्छ रखने एवं प्रतिदिन सफाई करने हेतु प्रेरित किया कार्यक्रम में राम के सरपंच गोमा उईके सचिव वर्षा भोयर माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक मुरलीधर बोबडे विजय रेवसकर स्वच्छता मित्र अनुप अर्विकर अनिल तवले रूपाली भोंगड़े निरंजन बागडे नजीर पठान मनीष रूनगे इन्दिरा कंगाले चित्रा बल्कि साधना बल्कि शोभा चौहान बबिता सिंगर रोशनी धुर्वे राजेंद्र गजभिए वंदना डाले उपस्थित थे ।

विज्ञान, गणित, पर्यावरण पर प्रदर्शनी

छपारा, देशबन्धु। संपूर्ण प्रदेश में चल रहे विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजनों की श्रृंखला में विकासखंड छपारा की विकासखंड राज्य स्तरीय विज्ञान गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन नवीन हाई स्कूल छपारा के व्यवस्थित प्रांगण के बड़े-बड़े 2 हालों में 18नवंबर कै दोपहर 12 बजे से किया गया।

इस विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन में विकासखंड के सभी जनशिक्षा केन्द्रों से जनशिक्षा केंद्रों से स्तरीय आयोजनों में चयनित कुल 126 छात्र-छात्रायें अपने मार्गदर्शक शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ सम्मिलित हुये। छात्र-छात्राओं द्वारा जल संरक्षण, सौर उर्जा, नवीन उर्जा स्त्रोतों, प्रदूषण, नवीन तकनीकी, कृषि विज्ञान, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान

, पर्यावरण एवं राजनीति विज्ञान के विभिन्न शैक्षणिक विषय वस्तुओं के बिंदुओं को लेकर बनाये गए अपने प्रादर्शों का प्रदर्शन बड़े रोचक अंदाजों में किया।

प्रदर्शनी में अवलोकनार्थियों की एक बहुत बड़ी संख्या रही। इसमें शिक्षक-शिक्षिकाओं, बालक-बालिकाओं के अलावा प्रबुद्ध नागरिकगण भी उपस्थित हुए । जिला शिक्षा केन्द्र से ए.पी.सी. ठाकुर, अक्षिता नागपाल के साथ-साथ जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राकेश दुबे, प्राचार्या श्रीमती प्रतिभा श्रीवास्तव, बी.आर.सी.सी रवि ठाकुर एवं आर.के.श्रीवास्तव सहित अनेक बहुत से प्राचार्य महोदयों के द्वारा भी प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों से संवाद करते हुये उन्हें नवीन निर्देशों सहित उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा भी की। पूरे आयोजन के दौरान समस्त शैक्षिक कर्मचारी छात्र-छात्रायें एवं अवलोकन करने पधारे सभी लोग हर्षित एवं प्रफुल्लित नजर आए। प्रदर्शनी अवधि के दौरान सभी को स्वल्पाहार एवं पेयजल की समयगत व्यवस्था कराई गई। प्रदर्शनी के आयोजन में बी.ए.सी. श्री घनश्याम सनोड़िया एवं जनपद शिक्षा केंद्र के समस्त कार्यालयीन कर्मचारियों की उल्लेखनीय भूमिका रही।

प्रदर्शनी में प्रस्तुत सभी प्रादर्शों का निर्णायक समितियों द्वारा पूर्ण पारदर्शिता एवं समन्वय सहित अवलोकन पश्चात प्रक्रिया गत परिपालन करते हुये विधिवत अंकन की जानकारी पोर्टल एंट्री हेतु संबंधितों को उपलब्ध कराई गई। प्रक्रियागत कार्यवाही अनुरूप परिणाम राज्य पोर्टल पर कुछ ही दिनों में प्रदर्शित होने लगेंगे और चयनित प्रतिभागियों को अगले चरण जिला स्तर में सहभागिता के निर्देश जारी होंगे।

दैनिक राशिफल

बुधवार 20 नवम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। मार्कशीर्ष कृष्ण पक्ष की पंचमी नक्षत्र-पुनर्वसु।

मेष
आज आप का दिन शुभ फलदायी होगा। विचारों में अति शीघ्र परिवर्तन आने की वजह से महत्वपूर्ण डिसीजन लेने में थोड़ी दिक्कत होगी।

वृषभ
आज आपको मन को स्थिर बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए। मनोदशा कमज़ोर रहेगी। समझौतावादी प्रवृत्ति रखने से आपको नुकसान नहीं होगा।

मिथुन
आज भाग्यवृद्धि का दिन है। स्वादिष्ट और उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। आज आप अपने लिए नए वस्त्र और आभूषण खरीदने में व्यस्त रहने वाले हैं। `क- 667-479

कर्क
आज आपका मन अस्वस्थ और बेचैन रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद होने से घर में विपरीत परिस्थिति उत्पन्न हो जाएगी। आपकी निर्णय शक्ति कुंठित होने से दिशा नहीं दिखाई देगी।

सिंह
आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ होने की संभावना है। किसी सुंदर स्थल पर घूमने जाने की संभावना है। कन्फ्यूजन की स्थिति में रहेंगे।

कन्या
आज का दिन शुभ फलदायी है। नए काम की अच्छी शुरुआत कर पाएंगे। व्यापार एवं नौकरीपेशा लोगों के लिए भी समय बहुत अच्छा है।

तुला
व्यावसायिक क्षेत्र में लाभ की संभावना है। नौकरी और व्यापार में सहकर्मियों से पूरा सहयोग मिलेगा।

वृश्चिक
आज का दिन शांतिपूर्वक और सावधानीपूर्वक गुजारने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम में असफलता के योग हैं, इसलिए कोई नया काम शुरू ना करें।

धनु
आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। मनोरंजन के प्रसंग से आपका मन खुश रहेगा। नए मित्रों के मिलने से आपको आनंद मिलेगा। मित्रों के साथ प्रवास, पर्यटन का आयोजन हो सकता है।

मकर
आपके व्यापार के लिए दिन अच्छा है। बिजनेस को बढ़ाने के लिए आप कोई विशेष प्रयास करेंगे। धन के लेन-देन में सरलता रहेगी।

कुंभ
आज कोई भी नया काम शुरू ना करें। जल्दी-जल्दी काम करने से आप नुकसान उठा सकते हैं। महिलाओं को अपनी वाणी पर संयम रखना होगा।

मीन
आज का दिन अरुचिकर घटनाओं के कारण उत्साहजनक नहीं रहेगा। घर में परिवारवालों के साथ वाद-विवाद होगा।

म. 160-119

2,3,5,8,20,31,54,82,28,40,55,81